**CCE RR**
**UN-REVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್ / ಏಪ್ರಿಲ್, 2018

**S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH / APRIL, 2018**

# ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

# MODEL ANSWERS

ದಿನಾಂಕ : 23. 03. 2018 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H**

Date : 23. 03. 2018 ] CODE No. : **06-H**

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : First Language — HINDI

( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )

( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **विभाग - "A"**<br>**गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन ( 67 अंक )** | |
| I. | **एक-एक** वाक्य में उत्तर : | 11 × 1 = 11 |
| 1. | अहिल्या के अनुसार किसके साथ भोजन करने से धर्म भ्रष्ट हो जाएगा ?<br>**उत्तर :** अहिल्या के अनुसार अब्राह्मण के साथ भोजन करने से धर्म भ्रष्ट हो जाएगा । | 1 |
| 2. | साधु ने कौन-सा उपाय बताया ?<br>**उत्तर :** साधु ने भ्रष्टाचार मिटाने के लिए अपने बनाए तावीज़ को बाँधने का उपाय बताया । जिस आदमी की भुजा पर तावीज़ बंधा होगा, वह सदाचारी हो जाएगा । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 3. | गाँधीजी ने अपनी माता से क्या प्रतिज्ञा की ? | |
| | **उत्तर :** गाँधीजी ने अपनी माता से मांस, मदिरा आदि से दूर रहने की प्रतिज्ञा की । | 1 |
| 4. | न्यूटन ने किस चीज़ की ईजाद की थी ? | |
| | **उत्तर :** न्यूटन ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज़ की ईज़ाद की थी । | 1 |
| 5. | वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी थी ? | |
| | **उत्तर :** वेंकटराव की प्रिय पत्रिका 'कन्नड केसरी' थी । | 1 |
| 6. | केवट किसमें पानी भरकर ले आया ? | |
| | **उत्तर :** केवट कठौते में पानी भरकर ले आया । | 1 |
| 7. | मीरा किसकी दिवानी हो गई है ? | |
| | **उत्तर :** मीरा श्रीकृष्ण (नारायण) की दिवानी हो गई है । | 1 |
| 8. | कवि ने हरियाली किससे माँगी ? | |
| | **उत्तर :** कवि ने घास और पत्ती से हरियाली माँगी । | 1 |
| 9. | बड़े भाई साहब हर वक्त किसकी निगरानी करते थे ? | |
| | **उत्तर :** बड़े भाई साहब हर वक्त अपने छोटे भाई की निगरानी करते थे । | 1 |
| 10. | लोगों के बीच किस बात की बहस हो रही थी ? | |
| | **उत्तर :** लोगों के बीच यह बहस हो रही थी कि वह नौजवान उस औरत का क्या लगता है । | 1 |
| 11. | विज्ञान का अर्थ क्या है ? | |
| | **उत्तर :** विज्ञान का अर्थ है विशेष ज्ञान । किसी भी विषय के क्रमबद्ध व विशेष ज्ञान को विज्ञान कहते हैं । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. | **दो-तीन** वाक्यों में उत्तर : | 9 × 2 = 18 |
| 12. | रुपयों की कृपा से अपराध करने पर भी कैसे बचा जा सकता है ? | |
| | **उत्तर :** रुपये की कृपा से पाप करने पर भी देवताओं से पूजे जायेंगे । एक-दो नहीं सात खून करने पर भी बच जाएँगे । साम्राज्य को साम्राज्य से लड़वा सकते हैं । अनेक अन्याय, भूकम्प, प्रलय या कुछ भी करके रुपये के बल पर बचा जा सकता है । यही रुपये की शक्ति है, वह सर्वशक्तिमान है । | 2 |
| 13. | गाँधीजी का पहला-पहला आंदोलन क्यों स्थगित हो गया ? | |
| | **उत्तर :** गाँधीजी ने पहला आंदोलन बहुत जोर से शिक्षित वकीलों, विद्यार्थियों, व्यापारियों आदि के साथ शुरू किया, जिससे जेलें भर गईं । किसानों ने भी जत्थे बनाकर जेल यात्रा शुरू कर दी । उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास एक शहर चौरा-चौरी में 19 फरवरी, 1922 को एक पुलिस चौकी फूँक दी गई जिसमें 23 पुलिस मारे गए । इस कारण गाँधीजी ने इस आंदोलन को स्थगित किया । | 2 |
| 14. | बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति क्यों नहीं हो पा रही है ? | |
| | **उत्तर :** विकासशील भारत जैसे देशों में जनसंख्या वृद्धि, बेरोज़गारी, गरीबी आदि के साथ-साथ सरकार का इन सब विषयों पर अधिक ध्यान न देने के कारण बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पा रही है । | 2 |
| 15. | परिवार में नारी की भूमिका नर से भी कैसे बढ़कर है ? | |
| | **उत्तर :** परिवार में नारी की भूमिका नर से भी महत्वपूर्ण है । माता के रूप में वह दूध की गंगा रूपी स्नेह की धारा बहाकर संतान को जीवन प्रदान करती है । पत्नी के रूप में वह पति की सारी थकान हर कर उसे आनंद प्रदान करती है और पुत्री के रूप में वह गृह कार्यों में बढ़-चढ़कर हाथ बंटाती हुई सम्पूर्ण परिवार की सहायक सिद्ध होती है । | 2 |
| 16. | धरती अपना आनंद कैसा प्रकट कर रही है ? | |
| | **उत्तर :** हरे घास के नोकों के झोंकों से, तरु की झूमने से, मंद हवा (पवन) के झोंकों इन सब के द्वारा धरती अपना आनंद प्रकट करती है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 17. | कवि बालकृष्ण शर्मा ''नवीन'' किस बात का वर्णन नहीं करना चाहता ? | |
| | **उत्तर :** सभी सड़े हुए विचारों का दायित्व हम सबका ही है और इन सबके पातकी भी हम ही को मानते हैं तो इन विचारों पर विमर्शा करना गुण-दोषों का बखान करना व्यर्थ समझते हैं । इसलिए कवि इसका वर्णन नहीं करना चाहते हैं । | 2 |
| 18. | सब कैसे सोते थे ? तब पिछड़ा आदमी क्या करता था ? | |
| | **उत्तर :** सब निढाल होकर सोते थे । तब पिछड़ा आदमी शून्य में टकटकी लगाये बैठा रहता था । | 2 |
| 19. | टाइम टेबल बनाने से क्या समस्या हुई ? | |
| | **उत्तर :** टाइम टेबल बनाने के बाद उसकी अवहेलना शुरू हो जाती है, क्योंकि मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हल्के-हल्के झोंके, खेलों का वह मज़ा, टाइम टेबल के कारण नहीं मिलता था । | 2 |
| 20. | विज्ञान मानव के लिए वरदान है । समर्थन कीजिए । | |
| | **उत्तर :** चिकित्सा के क्षेत्र में, मनोरंजन, शिक्षा, कृषि, यातायात, उद्योग-धंधे, दूर संचार आदि क्षेत्रों में वैज्ञानिक उपलब्धियाँ आश्चर्यजनक हैं । पहाड़ों को काटकर सड़कें बनाकर, नदियों के प्रवाह को मोड़कर नहरें निकालकर दूरी कम करना, इन सब से यह सिद्ध होता है कि विज्ञान वरदान है । | 2 |
| III. | संदर्भ सहित व्याख्या : | 4 × 3 = 12 |
| 21. | ''जनाब, अब भी शक की कोई गुंजाइश बाकी है ?'' | |
| | i) पाठ का नाम : | |
| | ii) लेखक का नाम : | |
| | iii) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) सच्चा धर्म | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) सेठ गोविन्द दास | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) इस वाक्य को रहमान बेग ने दिलावर खाँ से कहा । जब पुरुषोत्तम विनायक के साथ एक ही थाली में भोजन करने की तैयारी में लगे, तब कहा । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 22. | "इस कल में से ईमान या बेईमानी के स्वर निकलते हैं, जिन्हें 'आत्मा की पुकार' कहते हैं ।" | |
| | i) पाठ का नाम : | |
| | ii) लेखक का नाम : | |
| | iii) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) सदाचार का तावीज़ । | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) हरिशंकर परसाई । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) इस वाक्य को साधु ने अपने मंत्र सिद्ध तावीज़ के बारे में बताते हुए राजा और दरबारियों से कहा । | 2 |
| 23. | मैं तो मेरे नारायण की, आपहि हो गइ दासी रे ।<br>लोग कहै मीरा भई बावरी, न्यात कहै कुलनासी रे । | |
| | i) पद्य का नाम : | |
| | ii) कवि का नाम : | |
| | iii) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) मीरा के पद । | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) मीराबाई । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) इन पंक्तियों को मीरा के पद से लिया गया है । यहाँ मीराबाई श्रीकृष्ण की भक्ति में नाचते-गाते यह कहती हैं कि उसकी भक्ति को देखकर लोग उसे पगली कहते हैं, और उनके रिश्तेदार कुलनासी कहते हैं । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना<br>हिन्दी हैं हम, वतन है हिन्दोसताँ हमारा । | |
| | i) पद्य का नाम : | |
| | ii) कवि का नाम : | |
| | iii) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) सारे जहाँ से अच्छा । | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) डॉ० इकबाल । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) इन पंक्तियों में कवि भारत देश की प्रशंसा करते हुए 'भारत की अनेकता में एकता' के भाव की प्रशंसा करते हुए, सभी जाति धर्मों को एक मानते हैं । | 2 |
| IV. | लेखक / कवि परिचय : | $2 \times 3 = 6$ |
| 25. | पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' | |
| | i) जन्म-स्थान, काल : | |
| | ii) कृतियाँ : | |
| | iii) अन्य जानकारियाँ : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) 1900-1967 'चुनार' (उत्तर प्रदेश) । | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) 'चंद हसीनों के खतूत', 'घंटा', 'फागुन के दिन चार', — उपन्यास 'माँ' — कहानी, महात्मा ईसा — शिक्षाप्रद नाटक, 'अपनी खबर' - आत्म जीवनी । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के चुनार नामक कस्बे में हुआ । वे मनमौजी और फक्कड़ स्वभाव के थे । अभिनय कला में कुशल थे । अच्छे साहित्यकार थे । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | तुलसीदास<br>i) जन्म-स्थान, काल :<br>ii) कृतियाँ :<br>iii) अन्य जानकारियाँ :<br>**उत्तर :**<br>i) 1580 - 1680 'राजापुर' | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) रामचरित मानस, विनय पत्रिका, गीतावली, दोहावली, कृष्ण गीतावली, जानकी मंगल, पार्वती मंगल, बरवै रामायण, रामललानहछु, वैराग्य संजीविनी आदि । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) तुलसीदास का जन्म सोरों (राजापुर) में हुआ और मृत्यु काशी के अस्सीघाट में हुई । वे सगुण भक्तिधारा के रामभक्त कवि थे । वे संस्कृत के प्रकांड कवि थे । ब्रज भाषा और अवधी भाषा पर उनका समान अधिकार था । विभिन्न भाषाओं में रामचरित मानस अनुवाद हुआ है । | 2 |
| V. | पद्य भाग की पूर्ति : | $1 \times 4 = 4$ |
| 27. | राग से ..........................................................................<br>..........................................................................<br>..........................................................................<br>.......................................................................... अपनी चाल ।<br>**अथवा**<br>आसरा मत ..........................................................................<br>..........................................................................<br>..........................................................................<br>.......................................................................... में राग ।<br>**उत्तर :**<br>राग से बाँधे चल आकाश,<br>राग से बाँधे चल पाताल<br>धंसा चल अंधकार के भेद<br>राग से साधे अपनी चाल ! | |
| | **अथवा** | 4 |
| | आसरा मत ऊपर का देख,<br>सहारा मत नीचे का माँग<br>यही क्या कम तुझको वरदान<br>कि तेरे अंतस्थल में राग । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | पद्य भाग का सारांश : | 1 × 4 = 4 |
| 28. | मधुर वचन ते जात मिट उत्तम जन अभिमान ।<br>तनिक सीत जल सो मिटै, जैसे दूध उफान ।।<br>**अथवा**<br>जपमाला छापै तिलक, सरै न एकौ कामु ।<br>मन कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम ।। | |
| | **उत्तर :** कवि वृन्द जी इस दोहे में मधुर वाणी के महत्व को बताते हैं ।<br>मधुर वाणी से क्रोध शांत होता है । जैसे उबलते हुए दूध पर शीतल जल की छींटे पड़ने से उफ़ान कम हो जाता है । | 4 |
| | **अथवा**<br>इस दोहे के रचनाकार कवि बिहारी लाल हैं । यहाँ कवि बिहारी जी आडंबरपूर्ण भक्ति का खंडन करते हुए कहते हैं कि किसी मंत्र विशेष की माला लेकर स्मरण करने से तथा मस्तक एवं शरीर के अन्य अंगों पर तिलक छापे लगाने से तो कभी काम सिद्ध नहीं हो पाता । इस प्रकार के भक्त का मन कच्चा तथा चंचल होता है । भगवान (राम) तो केवल अच्छे हृदय में निवास करते हैं, कच्चा मन तो कांच के समान है जो कभी भी टूट सकता है । | 4 |
| VII. | **छः-सात** वाक्यों में उत्तर : | 2 × 4 = 8 |
| 29. | अंग्रेज को किस बात का शौक था ? बिलवासीजी ने उसका लाभ कैसे उठाया ?<br>**अथवा**<br>बिलवासीजी लेट कर मर गये; दूसरे दिन सुबह आठ बजे तक मरे रहे — लेखक का क्या आशय है ? बताइए । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** अंग्रेज़ को पुरानी और ऐतिहासिक चीज़ों के संग्रह करने का शौक था । | |
| | बिलवासीजी इसका फायदा उठाते हुए लाला झाऊलाल के साधारण लोटे को अकबरी लोटा कहकर — उसकी तलाश में संसार भर के म्यूज़ियम परेशान हैं । सोलहवीं सदी में जब हुमायूँ शेरशाह से हारकर रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था । एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी । उस समय एक ब्राह्मण ने उसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी । हुमायूँ के बाद जब अकबर दिल्लीश्वर हुआ तब उसने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटा को वापस ले लिए, बदले में उसी प्रकार के 10 सोने के लोटे दिये । वह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था । इसी से उसका नाम अकबरी लोटा पड़ा । अकबर इसी से वज़ू करता था । सन् 57 तक इसके शाही घराने में ही रहने का पता है । पर बाद में लापता हो गया । कलकत्ते के म्यूज़ियम में इसका प्लास्टिक का माडेल है । पता नहीं यह इसके घर में कैसे आया लेकिन म्यूज़ियम वालों को अगर यह पता चला तो न जाने फैंसी दाम देकर ले जाएँ । यह सब बताकर बिलवासिनी ने अंग्रेज़ को लोटा खरीदने पर मजबूर करके उसका फायदा उठाया । | 4 |
| | **अथवा** | |
| | बिलवासीजी लाला झाऊलाल के लोटे को पाँच सौ रुपये बिकवाकर अपने घर लौटे, उस दिन देर तक उन्हें नींद नहीं आई । चादर लपेटे पड़े रहे । एक बजे वे उठे धीरे से अपनी पत्नी के गले से चाबी लेकर संदूक खोलकर उसमें ढाई सौ के नोट जिसे उन्होंने निकाली थी उसे ज्यों का त्यों रखकर संदूक बन्द कर दिया । फिर दबे पाँव लौटकर ताली को उन्होंने पूर्ववत् अपनी पत्नी के गले में डाल दिया । इसके बाद वे हँसकर अंगड़ाई लेकर लेटे रहे और लेट कर मर गये यानी निश्चिंत होकर सो गये । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 30. | नूतन विद्यालय कैसे अस्तित्व में आया ? वहाँ कौन-कौन से विषय पढ़ाये जाते थे ?<br>**अथवा**<br>जय कर्नाटक मासिक पत्रिका के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** राष्ट्र सेवा के लिए वेंकटराव ने वकालत छोड़ दी । धारवाड़ में एक राष्ट्रीय स्कूल खोलने के प्रयत्न में लग गये । मित्रों की सहानुभूति, जाने-माने व्यक्तियों से धन सहायता, दूसरे गाँवों से धन सहायता के फलस्वरूप 26.01.1909 के दिन धारवाड़ में कर्नाटक नूतन विद्यालय अस्तित्व में आया ।<br>इसमें छात्रों को स्वावलम्बी, आत्मनिर्भर बनाना, राष्ट्रीय शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य था । इसलिए इस स्कूल के पाठ्यक्रम में लकड़ी का काम, मुद्रण, बुनाई, दियासलाई बनाना, पेन्सिल बनाना आदि सिखाना भी समाविष्ट था । वेंकटरावजी इस स्कूल के गौरव सचिव थे । | 4 |
| | **अथवा**<br>1922 के नवम्बर में वेंकटराव के संपादकत्व में ‘जय कर्नाटक’ मासिक पत्रिका प्रकाशित हुई । यह केवल एक पत्रिका नहीं बल्कि एक विचारधारा, एक कल्पना थी । नव कर्नाटक निर्माण उसका ध्येय था । 1930 में कन्नड साहित्य सम्मेलन का वेंकटरावजी अध्यक्ष चुने गये । उन्होंने अपनी अध्यक्षीय भाषण में कर्नाटक के सर्वांगीण विकास के बारे में विचार व्यक्त करते हुए भावात्मक एकता पर जोर दिया । जनता में राष्ट्रीयता जागृत करने के लिए ‘वीर कर्नाटक रत्नगलु’ नामक पुस्तक प्रकाशित की । | 4 |
| VIII. | **छः-सात** वाक्यों में उत्तर : | |
| 31. | गोपिकाएँ कृष्ण के प्रति अपनी विरह वेदना किस प्रकार प्रकट करती हैं ?<br>**अथवा**<br>माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करता है ?<br>**उत्तर :** गोपिकाएँ कृष्ण के प्रति विरह वेदना प्रकट करती हुई सभी से पूछती हैं जैसे – हे मधुवन ! (कृष्ण के विरह में) तुम इतने प्रसन्न कैसे हो ? श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण के वियोग के विरह में खड़े हो, जले क्यों नहीं ? पेड़ के नीचे तुम्हारी शाखा के सहारे टेककर, खड़े रहकर मोहन बाँसुरी बजाते थे । जड़ चेतन (सभी मुरली की ध्वनि सुनकर) मुग्ध हो जाते थे । मुनि जनों का ध्यान तक हट जाता था । वह चितवन तू मन में धारण नहीं करता है । यह सब भूलकर बार-बार पुष्प देते हो । यह कैसे संभव है ? | 4 |
| | **अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी माँ से कहता है – माँ, मैंने माखन नहीं खाया । प्रातःकाल से ही मैं गायों को चराने के लिए वन गया था और चारों पहर बाँसी बजाते हुए गाय चराता रहा । शाम को ही घर वापस आया हूँ । सभी बालकों में छोटा हूँ । माखन का घड़ा तो ऊपर के छींके पर टंगा है उसे मैं कैसे पा सकता हूँ ? शरारत करने की इच्छा से मेरे मित्रों ने मेरे मुख पर माखन लगा दिया है । माँ तुम बहुत भोली हो, इनकी बातों पर विश्वास करती हो, तुम मुझे मारती हो लेकिन उनसे कुछ नहीं कहती । | 4 |
| | **विभाग - "B"** <br> **व्याकरण, अलंकार, छन्द ( 20 अंक )** | |
| IX. | सही उत्तर चुनना : | 10 × 1 = 10 |
| 32. | 'करना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है | |
| | **उत्तर :** (D) कराना | 1 |
| 33. | राम ............ बहन शीला है । इसमें उचित कारक शब्द से खाली जगह भरिए । | |
| | **उत्तर :** (C) की | 1 |
| 34. | 'ग्वाला' का अन्य लिंग रूप है | |
| | **उत्तर :** (D) ग्वालिन | 1 |
| 35. | 'इत्यादि' शब्द किस संधि का उदाहरण है ? | |
| | **उत्तर :** (A) यण् संधि | 1 |
| 36. | 'सूक्ष्म' शब्द का विलोम शब्द है | |
| | **उत्तर :** (C) स्थूल | 1 |
| 37. | ''इन्होंने सदाचार का तावीज़ बनाया है'' — इस वाक्य का वाच्य परिवर्तन रूप है | |
| | **उत्तर :** (C) इनसे सदाचार का तावीज़ बनाया गया है | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 38. | 'सपना' शब्द का बहुवचन रूप है | |
| | **उत्तर :** (D) सपने | 1 |
| 39. | 'सात्विक<u>ता</u>' रेखांकित वर्ण में है | |
| | **उत्तर :** (A) प्रत्यय | 1 |
| 40. | चार दिन <u>ज्यों-त्यों</u> में बीत गये । | |
| | रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है ? | |
| | **उत्तर :** (D) क्रिया विशेषण | 1 |
| 41. | किसमें अननुरूप शब्द है ? | |
| | **उत्तर :** (B) गणेश | 1 |
| X. | अनुरूप प्रश्न : | 4 × 1 = 4 |
| 42. | मिठाई : मिठास :: मानव : ........................................ । | |
| | **उत्तर :** मानवता | 1 |
| 43. | प्रतिदिन : अव्ययीभाव समास :: राष्ट्रभाषा : .................................... । | |
| | **उत्तर :** तत्पुरुष समास | 1 |
| 44. | घोड़ा : हय :: आँख : ................................. । | |
| | **उत्तर :** नयन, नेत्र, लोचन, अक्षि, दृग, चक्षु । | 1 |
| 45. | गाना गानेवाला : गायक :: कविता लिखने वाला : ............................ । | |
| | **उत्तर :** कवि । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XI. | छन्द पहचानिए : | 3 |
| 46. | पद पखारि जलु पान, करि आपु सहित परिवार । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ।। ।ऽ। ।।ऽ। ।। ऽ। ।।। ।।ऽ। <br> पद पखारि जलु पान, करि आपु सहित परिवार । <br> 11 13 = 24 | $1\frac{1}{2}$ |
| | ⁕ यह सोरठा छंद है । | |
| | ⁕ यह एक विषम मात्रिक छंद है । | |
| | ⁕ प्रथम चरण में 11 और दूसरे चरण में 13 मात्राएँ होती हैं । कुल मिलाकर 24 मात्राएँ हैं । | $1\frac{1}{2}$ |
| | ⁕ यह दोहा छंद का उल्टा छंद है । | |
| XII. | अलंकार पहचानिए : | 3 |
| 47. | चारू चन्द्र की चंचल किरणें, खेल रही थीं जल थल में । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ⁕ यह अनुप्रास अलंकार है । | $1\frac{1}{2}$ |
| | ⁕ यहाँ <u>च</u> वर्ण की आवृत्ति तीन बार और <u>ल</u> वर्ण की आवृत्ति तीन बार होकर कविता में चमत्कार आया है । जिस रचना में व्यंजन की बार-बार आवृत्ती होती हो उसे अनुप्रास अलंकार कहते हैं । | $1\frac{1}{2}$ |
| | **विभाग – "C"** <br> **रचना ( 13 अंक )** <br> **( वाक्य, पत्र लेखन, निबंध )** | |
| XIII. | अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग : | $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$ |
| 48. | (a) कमर कसना । | |
| | (b) वार करना । | |
| | **उत्तर :** | |
| | a. अर्थ : तैयार रहना । | $\frac{1}{2}$ |
| | विद्यार्थी परीक्षा के समय कमर कसकर पढ़ते हैं । | 1 |
| | b. अर्थ : आक्रमण करना । | $\frac{1}{2}$ |
| | जंगल में शेर वार करने को तैयार रहते हैं । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XIV. | पत्र लेखन : | $1 \times 5 = 5$ |
| 49. | शैक्षणिक प्रवास जाने के लिए 2,000 रुपये और अनुमति माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>कॉलेज में दाखिला होने के लिए स्थानांतरण पत्र और अंक पत्र माँगते हुए आवेदन पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर :**<br>पिताजी के नाम पत्र :<br>स्थान : $\frac{1}{2}$<br>दिनांक : $\frac{1}{2}$<br>संबोधन : $\frac{1}{2}$<br>सेवा में : $\frac{1}{2}$<br>कलेवर ( Body of the letter ) 2<br>समापन : $\frac{1}{2}$<br>हस्ताक्षर : $\frac{1}{2}$ | 5 |
| | **अथवा**<br>आवेदन पत्र :<br>स्थान : } दिनांक : } $\frac{1}{2}$<br>प्रेषक : $\frac{1}{2}$<br>सेवा में : $\frac{1}{2}$<br>संबोधन : $\frac{1}{2}$<br>विषय : $\frac{1}{2}$<br>कलेवर ( Body of the letter ) $1\frac{1}{2}$<br>समापन : $\frac{1}{2}$<br>हस्ताक्षर : $\frac{1}{2}$ | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| XV. | निबंध लेखन : | | 1 × 5 = 5 |
| 50. | किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : | | |
| | i) सामाजिक समस्याएँ | | |
| | ii) पर्यावरण प्रदूषण | | |
| | iii) राष्ट्रीय त्योहार । | | |
| | **उत्तर :** | | |
| | (i) प्रस्तावना | $\frac{1}{2}$ | |
| | (ii) विषय प्रवेश | 1 | |
| | (iii) विषय विस्तार | 3 | |
| | (iv) समापन । | $\frac{1}{2}$ | |